# कांग्रेस की मजबूती का आधार स्तंभ हैं युवा: विश्वनाथ ओक्टे

## परासिया ब्लाक कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के दिशा निर्देशों का अनुसरण करते हुये कांग्रेस लगातार बूथ स्तर पर अपने हाथों को मजबूत कर रही है। जब-जब युवा जागा है तब-तब परिवर्तन लेकर आया है। एक बार फिर युवक कांग्रेस ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर यह साबित कर दिया है कि आने वाले समय में कांग्रेस और अधिक मजबूती से उभकर सामने आयेगी। उक्त उदगार आज जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने परासिया के उत्सव लॉन में आयोजित परासिया ब्लॉक कांग्रेस के दीपावली मिलन समारोह व कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये व्यक्त किये।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने सम्बोधित करते हुये आगे कहा कि कोयलांचल को बसाने व संवारने का कार्य पूर्व सीएम माननीय कमलनाथ व माननीय नकुलनाथ जी ने किया है। उनके प्रयासों से परासिया क्षेत्र में लगातार कोयला की खदानें खुली है, किन्तु सत्ता में आई भाजपा सरकार ने इस क्षेत्र को उजाड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है जिसका बदला हमें लेना होगा। आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष के





हस्ते परासिया ब्लॉक कांग्रेस के नविनयुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये साथ ही सभी के उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनायें दी।

परासिया विधायक सोहन वाल्मीक ने सम्बोधित करते हुये उपस्थित समस्त कांग्रेसजन व परासिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को विश्वास दिलाया कि वे हमेशा उनके साथ खड़े हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता व पदाधिकारी उनकी समस्याओं को लेकर व्यक्तिगत भी भेंट कर सकते हैं।

परासिया विधानसभा के प्रभारी श्री राजीव तिवारी ने सम्बोधित करते हुये कहा कि वे परासिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी व परासिया विधानसभा के प्रत्येक कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता के साथ कांधे से कंधा मिलाकर हर दम व हर कदम पर चलेंगे। परासिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमल राय ने उपस्थित कांग्रेसजन को सम्बोधित करते हुये कहा कि यह पद उन्होंने कमलनाथ व नकुलनाथ से निवेदन कर प्राप्त किया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे परासिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। कमल राय ने पूर्व परासिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लीलाधर पुरिया, गोविंद राय, सोहन वाल्मीक व हरि वर्मा का सम्मान किया।

**कांग्रेस के वरिष्ठजन रहे उपस्थित**

आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति सबसे अधिक रही। लम्बे समय से जो कांग्रेस के आयोजित कार्यक्रमों से दूरी बनाये हुये थे वे चेहरे भी आज पूरे उत्साह के साथ परासिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के आयोजित दीपावली मिलन समारोह व कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित रहे। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में अपने सुझाव भी प्रस्तुत किये।

**युवक कांग्रेस ने दिखाया जोश**

आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक युवक कांग्रेस के युवाओं ने युवा शक्ति का परिचय देते हुये पूरे जोश खरोश के साथ उमरेठ चौक से विशाल बाइक रैली निकाली जो परासिया नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुये आयोजन स्थल तक पहुंची। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी परासिया के विशाल दीपावली मिलन समारोह व कार्यकर्ता सम्मेलन को जामई विधानसभा प्रभारी गोविंद राय व कांग्रेस के मोर्चा संगठन प्रभारी आनंद बक्षी ने भी सम्बोधित किया।

आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक लीलाधर पुरिया, उमरेठ पर्यवेक्षक इंद्रपाल पटेल, राजा दुबे, गगन खंडूजा, जमील खान, गुड्डा यदुवंशी, सुभाष गुलबाके, हरि वर्मा, राजेश डेहरिया, निशार खान, सुशील जायसवाल, गोविंद बजौलिया, ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सोनी, ब्लॉक युवक कांग्रेस अध्यक्ष मुकुल दुबे, परासिया नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सावित्री वर्मा, न्यूटन नगर पंचायत अध्यक्ष अनुपमा राय, बड़कुही नगर पंचायत अध्यक्ष भारत डेहरिया, अमजद खान, देवीराम विश्वकर्मा, धीरज शाह, देवेन्द्र राय व अखलाक सिद्धिकी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण, पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण, परासिया ब्लॉक कांग्रेस के मोर्चा संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन बसंत मालवीय एवं आभार प्रदर्शन वीरबहादुर सिंह द्वारा किया।

### सार समाचार

## जुन्नारदेव की घटना दुर्भाग्यपूर्ण आरोपियों पर हो सख्त कारवाई हो : सांसद विवेक बंटी साहू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बीते रविवार रात जुन्नारदेव नगर वार्ड क्रमांक 7 स्थित श्री गणेश मंदिर में असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ कर मंदिर की सेविका से मारपीट करने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई थी। घटना के बाद उपजी तनावपूर्ण स्थिति और हिंदूवादी संगठनों की नाराजगी व विरोध प्रदर्शन की जानकारी लगते ही पर सांसद विवेक बंटी साहू ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस और जिले के प्रशासनिक अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा की और घटना के शामिल असामाजिक तत्वों की धरपकड़ के साथ उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गएए साथ ही आगे से कही भी इस प्रकार की घटना न हो और मंदिर में तोड़ फोड कर जिले का माहौल खराब करने वाले असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटने व जुन्नारदेव नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई, दूसरी तरफ सांसद श्री साहू के आदेश पर सोमवार रात भाजपा नेता अरविंद राजपूत नई गणेश प्रतिमा लेकर जुन्नारदेव पहुंचे और दूरभाष के माध्यम से मंदिर समिति सहित हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधियों की सांसद श्री साहू से बात करवाई।

चर्चा के दौरान सांसद श्री साहू ने घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसमें शामिल असामाजिक तत्वों को सख्त से सख्त सजा दिलाए जाने का भरोसा मंदिर समिति को दिया गया। साथ ही नई भव्य गणेश प्रतिमा मंदिर समिति को प्रदान किए जाने की जानकारी दी गई और प्रवास से लौटते ही जुन्नारदेव आकर इस मामले में आगे और चर्चा की बात कही। वही भाजपा नेता श्री राजपूत ने बताया की मंदिर समिति और धर्म प्रेमी बंधुओं से चर्चा हुई है, नई प्रतिमा प्रदान किए जाने पर सभी ने खुशी जाहिर करते हुए सांसद श्री साहू का आभार व्यक्त किया है और साथ बताया कि आगामी दिनों में शुभ तिथि पर अनुष्ठान कर पूरे विधि विधान से फिर मंदिर में गणेश प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

## इलाज के लिए सांसद ने मुख्यमंत्री से दिलाई 35 हजार की आर्थिक मदद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक की पहल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव छिंदवाड़ा-पांढुर्णा संसदीय क्षेत्र के लोगों के इलाज के लिए लगातार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सांसद की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चौरई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर निवासी अब्दुल नुमान मोहम्मद पिता इरफान मोहम्मद को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा स्वेच्छानुदान मद से 35000/- की आर्थिक सहायता इलाज के लिए उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री द्वारा निरंतर जरूरतमंद लोगों को इलाज के आर्थिक सहायता स्वीकृत की जा रही है। सांसद के प्रयासों से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता मिलने से मरीज के परिजनों ने खुशी व्यक्त की है। और मुख्यमंत्री और सांसद का आभार व्यक्त किया है। परिजनों ने सांसद से मिलकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए मांग की थी। सांसद के प्रयासों से मुख्यमंत्री ने इलाज के लिए राशि स्वीकृत की हैं।

## एकल अभियान के अंतर्गत 475 ग्रामीण बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** एकल अभियान के तहत अम्युदय यूथ क्लब द्वारा अंचल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के अन्तर्गत 6 नवम्बर को सन्त श्री आसाराम गुरूकुल में होंगे जिसमें जिले के 12 संच के 475 बच्चे खिलाड़ी शामिल होंगे।

प्रतियोगिता में बालक एवं बालिकाओं के खेलकूद में कबड्डी, दौड़, ऊची कूद, लम्बी कूद, एवं कुश्ती होगी।

कार्यक्रम को शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव, अध्यक्ष महापौर विक्रम अहाके, विशेष अतिथि विद्याभूमि पब्लिक स्कूल की संचालिका विजया यादव, युवा उद्यमी गौरव चौधरी एवं दर्शना खट्टर संचालिका आशाराम गुरूकुल होंगे। कार्यक्रम 11 बजे प्रारम्भ होगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, अध्यक्ष पी.जी. कालेज भारत घई, विशेष अतिथि मदन मोहन परसाई, योग वेदान्त समिति, विशेष अतिथि पूरन राजलानी डायरेक्टर लायन्स आई हास्पिटल परासिया, जगेन्द्र अल्डक, समाज सेवी संजय मालवी, राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख एकल अभियान, गोविन्द चौरसिया, कुबेर सूर्यवंशी जनपद सदस्य परासिया रहेगें। कार्यक्रम खेलकूद अध्यक्ष रविन्द्र वाडेकर एवं अध्यक्ष पुरूषोत्तम साहू, हरिकथा शशि अग्रवाल एवं अमृता पाण्डे उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में खेल प्रेमियों को उपस्थित होकर खेल का आनंद उठाने की संस्था ने अपील की है।

## वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम





छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत सुशांत हुद्दार साहब प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा के मार्गदर्शन में गौधुलि वृद्धाश्रम छिंदवाड़ा में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कार्यक्रम में वृद्धाश्रम में निवासरत 52 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं वितरित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेमपालसिंह ठाकुर, जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा के द्वारा वृद्धाश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों के करकमलों से दीप प्रज्जवलित कर कराया गया तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिये भरण पोषण कानून की जानकारी दी गई साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में विजय कुमार खोब्रागड़े जिला विधिक सहायता अधिकारी छिंदवाड़ा, डॉ. बसंत शर्मा, डॉ. कृति शर्मा, डॉ. मेघा जैन, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. अनामिका उईके, डॉ. सौवज्ञा जैन, डॉ. उमेश शिवहरे, डॉ. गौतम कुमार, डॉ. प्रभात कुमार शर्मा, डॉ. अनुराग, डॉ. भूमिका उदासी, डॉ. शिवानी चौहान, डॉ. कृति वाघमारे, डॉ. पल्लवी राउत एवं संगीता उबनारे, आरती दुबे, प्रीतम सिंह चौहान, वृद्धाश्रम अधीक्षक प्रीतम सिंह चोरिया, पैरालीगल वालेंटियर्स नविता सोनी, सचिन सूर्यवंशी एवं वृद्धाश्रम के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य शिविर में दूरस्थ अंचल के आदिवासी हो रहे है लाभान्वित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** 100 दिन सेवा संकल्प और स्वास्थ्य की श्रृंखला में सांसद बंटी विवेक साहू की की पहल पर दूरस्थ अंचलों में आदिवासी स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर लाभान्वित हो रहे हैं। शिविर लगने से सुदूर अंचल के ग्रामीणों का आसानी से इलाज हो रहा है, 47 वा स्वास्थ्य शिविर पांढुरना विधानसभा क्षेत्र के सांवरी मंडल के ग्राम हीरावाड़ी ग्राम पंचायत में सम्पन्न हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती 25 दिसंबर तक चलने वाले निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 308 मरीजों ने पंजीयन कराया जिसमें



298 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित की गई। जांच में पाए गए 10 गंभीर मरीजों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

शिविर में प्रमुख रूप से रोटरी क्लब के अध्यक्ष एवं आरोग्य अस्पताल छिन्दवाड़ा के एम.डी. दीपक खंडेलवाल, प्रभु नारायण नेमा, रामचंद्र डेहरिया, आनंद डेहरिया, दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा, धर्मराज कुमरे, चेतराम बट्टी, रनक लाल उईके, चंद्रसिद्ध बिहारे एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### 48 वां स्वास्थ्य शिविर आज

पांढुर्णा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मारुड में आयोजित किया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष सुनील रबड़े ने क्षेत्र के लोगों से स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर जांच कराकर इलाज कराने की अपील की है। बता दें कि संतराचल के पाण्ढुर्णा जिले में यह शिविर लगाया जा रहा है ताकि दूरस्थ एम.पी.-महाराष्ट्र बार्डर के अंतिम छोर में रहने वाले ऐसे गरीब व्यक्तियों का उपचार हो सके जो महंगा उपचार अस्पतालों में जाकर नहीं करवा सकते है।

## जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव संपन्न, आज होगी मतगणना



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव विभिन्न पदो के लिए अंततः 5 नवम्बर 2024 को संपन्न हो गया। मतगणना आज 6 नवम्बर को होगी। चुनाव अधिकारी अधिवक्ता बी.एस. ठाकुर ने बताया कि मतदाताओं की संख्या कुल 886 है जिसमें से 771 अधिवक्ता मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

बता दें कि अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर कई दिनों से घर-घर पहुंचकर उम्मीद्वारों ने चुनाव प्रचार किया जिसमें सर्वश्री ठाकुर राजेन्द्र सिंह बैस, राजकुमार मिश्रा और चौधरी रामेसिंह और संजय गुजर अध्यक्ष के लिए तथा उपाध्यक्ष के लिए ममता नामदेव, श्याम शिवहरे, राजकुमार पवार, सुनील कुमार लालवानी, और देवेन्द्र वर्मा, अजय भांगे, नंदकिशोर साहू सामान्य सचिव के लिए साथ ही सह सचिव के लिए अवधेश श्रीवास्तव, हीमेश शुक्ला, नीतू यादव और सचिव वित्त के लिए जयराय, संजय कुमार चौकसे, शरद मालवीय, पुस्तकालय सचिव के लिए सूर्यकांत वर्मा, राजेन्द्र कुमार पारधे, कार्यकारिणी के लिए 12 उम्मीद्वार चुनाव मैदान में डटे रहे और घर घर जाकर चुनाव प्रचार किया। बावजूद 115 अधिवक्ता मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर सके। बावजूद मतदान अच्छा हुआ और मतगणना में कौन उम्मीद्वार जीतेगा मतगणना के बाद पता चल सकेगा लेकिन मतदान के बाद अधिवक्ताओं के बीच यह चर्चा चल रही थी कि संभावना है कि अध्यक्ष के लिए ठाकुर राजेन्द्र सिंह बैस और सामान्य सचिव के लिए देवेन्द्र वर्मा की जीत हो सकती है। परंतु यह तो चर्चा है वास्तविकता तो परिणाम आने के बाद ही आज 6 नवम्बर को ही पता चल सकेगा। लेकिन अधिकांश मतदाता नये अधिवक्ता है जिन्होंने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया है और उन्हें अधिवक्ता संघ की राजनीति से ज्यादा सारोकार भी नहीं है ऐसे मतदाता किसके पक्ष में मतदान किए होंगे यह पता नहीं चल सका है बाद में इसका खुलासा मतगणना के पश्चात हो सकेगा। इसमें पहली बार मतदान करने वाले मदाताओं में अनन्या पिता प्रणय नामदेव है जिन्होंने बड़ी उत्सुकता के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए गणवेश में पहुंची थी।



पहली बार मतदाता बनी अधिवक्ता अनन्या पिता प्रणय नामदेव ने अपने मताधिकार का प्रयोग अधिवक्ता संघ के चुनाव में करते हुए।

## बसंत कॉलोनी फीडर से संबंधित सभी क्षेत्रों में नहीं आएगी बिजली

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर संभाग अंतर्गत 33/11 के.व्ही. एल.टी. लाईन एवं विद्युत उपकरणों के मानसून के बाद रख-रखाव कार्य के कारण 06 नवंबर बुधवार को छिंदवाड़ा शहर संभाग के सभी क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रातः 08 बजे से दोपहर 02 बजे तक बाधित रहेगी।

उन्होंने बताया कि छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत खापाभाट उपकेन्द्र 11 के.व्ही. बसंत कॉलोनी फीडर एवं फीडर कोड-12630, (ट्रांसफार्मरों की संख्या 22, लंबाई 3.25 कि.मी.), बसंत कॉलोनी, बबन पटेल कॉलोनी, अंतरवेल, लाला स्कूल, चमन एजेन्सी, जनपद, कृषक कोल्ड स्टोरेज, शिवनंदन कॉम्पलेक्स, श्याम टाकीज आदि से संबंधित सभी क्षेत्रों में विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा। इस आवश्यक कार्य के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार यह समयावधि बढ़ाई या घटाई जा सकती है। बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिये 1912 टोल फ्री नंबर डायल कर सकते हैं। हालाकि बिजली बाधित होने के दौरान टाऊन हॉल आफिस में कोई दूरभाष नहीं उठाता है और उपभोक्ता को परेशानी होती है।

## पूजा लॉज के पास पुलिया में अतिक्रमण से बढ़ी दुर्घटनाएं

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्थानीय परासिया रोड में पुनः गाड़िया और दुकाने सड़क पर लगना प्रारंभ हो गई है। पूजा लॉज के पास डॉ. अनुराग माथुर के सामने पुलिया के पास दोनों तरफ लोग अतिक्रमण कर दुकान लगा लेते है जिससे न केवल आवागमन बाधित हो रहा है अपितु आऐं दिनों वहां दुर्घटना होती रहती है।

चाट, गुपचुप ठेले, फलों की दुकान रोड के ऊपर ही लगा ली गई है जिससे चौड़ीकरण करने का मकसद यात्रियों के लिए पूरा नहीं हो रहा है और भीड़ अधिकार होने के कारण यातायात बाधित होता है और दुर्घटना घटित हो जाती है। चूंकि यहां पर दोनो तरफ अस्पताल है और मरीजों की संख्या भी अधिक रहती है। ऐसी स्थिति में पूजा लॉज के पास पुलिया से लगे हुए अतिक्रमणकारियों को जनहित में हटाया जाना आवश्यक है ताकि प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाओं को परासिया रोड का रोका जा सके।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं 73 आवेदकों की समस्याऐं अधिकांश शिकायतें पुरानी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 73 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्राम साजवा निवासी साधना डेहरिया ने बीपीएल/गरीबी रेखा कार्ड बनाने, ग्राम पंचायत डुंगरिया तहसील जुन्नारदेव के समस्त ग्रामवासियों ने जल समस्या का निराकरण करने, ग्राम दातलावाड़ी निवासी सुरेश उईके ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम डुंगरिया के राजेश ने आम रास्ता खोलकर अतिक्रमण हटाने, ग्राम पौनार के जेठू चौरे ने वृध्दावस्था पेंशन दिलाने, ग्राम उभेगांव के ग्रामवासियों ने ग्राम में सीएम राईज स्कूल खुलवाने, ग्राम माचागोरा निवासी संतोष ठाकुर ने प्रभावित क्षेत्र की रजिस्ट्री कर मुआवजा राशि दिलाने, ग्राम सीदप के नीरज भलावी ने श्रवण मशीन दिलाने, ग्राम बम्हनी के वीरेन्द्र दर्शनिया ने सेंट्रल बैंक द्वारा किये गये एआईए लाईफ इंश्योरेंस की राशि दिलाने, ग्राम भानादेही निवासी भादू यादव ने पशुपालन एवं शेड निर्माण के लिये लोन दिलाने, ग्राम उमरहर के संजय वैश्य ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, छिंदवाड़ा नगर के इमलीखेड़ा निवासी महेश इवनाती ने किसान सम्माननिधि की राशि दिलाने, नगर के झण्डा वार्ड क्रमांक-9 महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड के समस्त रहवासियों ने पेयजल समस्या का निराकरण करने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये। इस दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, एडीएम के.सी. बोपचे, नगरपालिक निगम आयुक्त सी.पी. राय, एस.डी.एम. सुधीर जैन, डिप्टी कलेक्टर रमेश कुमार मेहरा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई, जबकि अन्य सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जनसुनवाई में शामिल हुये।



## 15 नवम्बर के बाद होंगे छः दर्जन अधिकारियों के तबादले, चर्चा गर्म

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** चर्चा गर्म है कि छिन्दवाड़ा जिले के अधिकारियों का 15 नवम्बर के बाद तबादला होगा, इसमें आधा दर्जन अधिकारी शामिल बताऐं जाते है। खबर के अनुसार तबादला जिले के प्रभारी मंत्री और सांसद के अनुशंसा पर राज्य शासन करेगी। हालाकि खबर यह भी है कि कुछ अधिकारियों की पदोन्नति हो सकती है इसके कारण भी तबादलें की संभावना है तो वहीं कुछ अधिकारी स्वैच्छा से छिन्दवाड़ा से अपना स्थापनांतरण करवाने के लिए उचित माध्यम से आवेदन पत्र अपने विभाग प्रमुखों को प्रेषित किया है।

खबर है कि जल संसाधन, सहकारिता, वन, पुलिस, राजस्व, महिला बाल विकास, उद्योग विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी बदलें जा सकते है। चर्चा थी कि छिन्दवाड़ा में नये सी.एम.एच.ओ. की पदस्थापना होगी परंतु वर्तमान सी.एम.एच.ओ. का कार्यकाल लगभग 8-9 माह शेष है ऐसी स्थिति में स्वास्थ्य विभाग में सी.एम.एच.ओ. का बदलना असंभव है। किन्तु वन विभाग के आधा दर्जन वन परिक्षेत्राधिकारी और दो एस.डी.ओ. फारेस्ट बदलें जाने की चर्चा है। साथ ही यह भी संभावना है कि दक्षिण वन मण्डल छिन्दवाड़ा के वन मण्डलाधिकारी का कार्यालय पाण्ढुर्णा स्थानांतरित हो सकता है इसकी भी पूरी संभावना व्यक्त की जा रही है। एक अधिकारी ने तो अपना स्वेच्छा से छिन्दवाड़ा से अन्यत्र स्थानांतरण करवाने के लिए एक राज्यमंत्री से नोटशीट बनवाकर प्रस्तुत किया है आवेदन के साथ जबकि छिन्दवाड़ा के अधिकारी कभी भी स्वेच्छा से जाना नहीं चाहते परंतु उक्त अधिकारी की क्या मजबूरी है यह समझ से परे है।

### सार समाचार

## कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने किया तहसील कार्यालय का घेराव, सौंपा ज्ञापन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बेघरों को पट्टा दिलाने के साथ ही मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने की मांग को लेकर आज कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने तहसील कार्यालय का घेराव कर अपनी प्रमुख मांगों का ज्ञापन तहसीलदार को प्रस्तुत किया साथ ही यह भी अवगत कराया कि पट्टा दिलाये जाने की मांग को लेकर लगातार आवेदन व निवेदन किये जाने के बाद भी जरूरतमंदों व गरीब परिवारों की सुनवाई नहीं हो रही।

कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष फिरोज खान के नेतृत्व में आज वार्ड क्रमांक 16 के सैकड़ों लोगों ने छिन्दवाड़ा तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुये आवासीय पट्टा दिलाने की मांग रखी। कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने ज्ञापन प्रस्तुत करते हुये कहा कि वार्ड में सैकड़ों परिवार विगत 10 से 15 वर्षों से निवासरत है किन्तु अभी तक उन्हें आवासी पट्टे प्राप्त नहीं हुये हैं। अविलम्ब आवासीय पट्टा दिलाने के साथ ही मूलभूत सुविधायें दिलाये जाने की मांग रखी।

ज्ञापन प्रस्तुत करते समय फिरोज खान अध्यक्ष कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ, सपना वर्मा, बिलाल रजा, इरफान मंसूरी, शानू कुरैशी, राजकुमारी धुर्वे सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

## ऐरिक की शानदार बल्लेबाजी से छिंदवाड़ा सेमीफाइनल में नरसिंहपुर को 230 रनों से हराया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** दो दिवसीय मैच में छिंदवाड़ा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट पर 224 रन बनाए। जिसमे 116 रन ऐरिक चौहान व 38 रन शौर्य चौरसिया ने बनाये। जवाब में नरसिंहपुर पहली पारी में 94 रनों पर आल आउट हो गयी। पहली पारी में छिंदवाड़ा के गेंदबाज यथार्थ डेहरिया ने 4, एकलव्य चंद्रवंशी व अभ्युदय वर्मा ने 2-2 व शोर्य चौरसिया व आसिम खान ने 1-1 विकेट लिए।

दूसरी पारी  छिंदवाड़ा ने 9 विकेट पर 199 रनों पर घोषित की जिसमे ऐरिक चौहान ने 91, कृष्णा आस्टिकर ने 22 व युवराज सिंह चौहान ने 21 रन बनाए। इस प्रकार नरसिंहपुर को जीत के लिए 333 रनों के लक्ष्य मिला। जवाब में नरसिंहपुर दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर 103 रन 2 विकेट पर बना सकी। मैच छिंदवाड़ा ने पहली पारी के बढ़त के आधार पर 230 रनों से जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। कल सेमीफाइनल मैच छिंदवाड़ा विरुद्ध कटनी सुबह 9 बजे से जबलपुर एमपीसीए क्रिकेट मैदान पर खेला जाएगा जहां छिन्दवाड़ा की टीम जीत की ओर अग्रसर दिखाई दे रही है। छिन्दवाड़ा क्रिकेट एसोसिएशन ने खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाऐं प्रेषित की है।




## कांग्रेस सेवादल ने मनाया दीपावली मिलन समारोह

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कांग्रेस सेवादल के द्वारा स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड परिसर में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाईदूज भी मनाया। कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले ने बताया कि महिला कांग्रेस सेवादल की पदाधिकारियों के द्वारा तिलक लगाकर भाईदूज मनाई तो वहीं सेवादल के भाइयों ने बहनों की सुरक्षा का संकल्प लिया। आयोजित कार्यक्रम में सुरेश कपाले, राकेश मरकाम, बलराम चौहान, गजेन्द्र इंदौरकर, रमेश बेले, राजेश धुर्वे, संजय विश्वकर्मा, कदीर मंसूरी, यास्मीन खान, सीमा शुक्ला, रेणु तिवारी, नूरजहां, विनीता सोनी, व उषा घोघरे सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

बता दें कि कांग्रेस सेवादल के अलावा महिला सेवादल के पदाधिकारियों द्वारा समय समय पर विभिन्न त्यौहारों को भी इसी तरह मनाकर कौमी एकता के रूप में भाईचारे का परिचय देते है।



## 70 वर्ष से अधिक के नागरिक एवं भवन निर्माण श्रमिक परिवार सहित होंगे आयुष्मान योजना में पंजीकृत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** 70 वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्येक नागरिक एवं मध्यप्रदेश कर्मकार मंडल अन्तर्गत पंजीकृत श्रमिक के परिवार जनो को आयुष्मान योजना के जोड़ने हेतु कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के निर्देश पर एक आवश्यक बैठक निगम सभाकक्ष में आयोजित हुई। इस बैठक में नगर पालिक निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुधीर जैन ने योजना के नियमों के बारे में सभी को जानकारी देते हुए लक्ष्य अनुसार शत प्रतिशत पंजीयन के निर्देश दिए आयुष्मान योजना में पंजीयन हेतु आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एएनएम एवं निकाय में संपर्क कर सकते है। जिनका पंजीयन निःशुल्क किया जाएगा।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB PM-JAY) के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आय की परवाह किए बिना, स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने की मंजूरी दी है एवं 29 अक्टूबर 2024 को योजना का शुभारम्भ हो चुका है। योजना हेतु पात्रता का निर्धारण केवल आधार कार्ड में दर्ज आयु के आधार पर किया जाएगा तथा पंजीकरण के लिए आधार कार्ड एवं समग्र फैमिली आई डी की आवश्यकता होगी। पात्र वरिष्ठ नागरिकों को (AB PM-JAY) के तहत एक नया विशिष्ट कार्ड जारी किया जा रहा है। जो वरिष्ठ नागरिक 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के हैं और जिनके परिवार पहले से ही (AB PM-JAY) के तहत कवर हैं, उन्हें अपने लिए अतिरिक्त 5 लाख तक की वार्षिक टॉप-अप कवरेज मिलेगी, जिसे वे अपने परिवार के अन्य सदस्यों (जो 70 वर्ष से कम आयु के हैं) के साथ साझा नहीं करेंगे। 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के अन्य सभी वरिष्ठ नागरिकों को पारिवारिक आधार पर 5 लाख तक की वार्षिक कवरेज मिलेगी। जो वरिष्ठ नागरिक 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के हैं और केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना (CGHS), पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ECHS), आयुष्मान सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF) जैसीअन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं, वे अपनी मौजूदा योजना या (AB PM-JAY) में से किसी एक को चुन सकते हैं। किन्तु योजना चयन करने का विकल्प एक बार ही दिया जाएगा।

यह स्पष्ट किया गया है कि 70 वर्ष या उससे अधिक के वे वरिष्ठ नागरिक जो निजी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं या कर्मचारी राज्य बीमा हउससे अधिक आयु के आते हैं वे भी (AB PM-JAY) के तहत लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र होंगे। इसके साथ ही मध्यप्रदेश कर्मकार मंडल अन्तर्गत पंजीकृत श्रमिक एवं उनके परिवारजन भी आयुष्मान भारत योजना के लिए पात्र होंगे।

# तामिया और माचागोरा में एडवेंचर फेस्टिवल दिसम्बर में

## टूरिस्ट स्पॉट पर हुई पर्यटन परिषद की बैठक





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नवाचार के लिए पहचाने जाने वाले छिंदवाड़ा कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने मंगलवार को एक और नवाचार किया। कलेक्टर श्री सिंह की अध्यक्षता में जिला पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद की बैठक जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल माचागोरा डेम पर रखी गई और जिले में पर्यटन विकास और पर्यटकों को मिल रही सुविधाओं पर मंथन किया गया। बैठक में तय किया गया कि दिसंबर माह में तामिया एडवेंचर फेस्टिवल व माचागोरा में वॉटर फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

जिले में पर्यटन विकास के लिए अनेक प्रयास किए जा रहें हैं। छिंदवाड़ा के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पर्यटन सुविधाओं को जानने-समझने के लिए कलेक्टर श्री सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में तामिया में ओपन थियेटर निर्माण का निर्णय लिया गया। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी सदस्यों से पर्यटन विकास पर सुझाव मांगे। साथ ही पेंच नेशनल पार्क के जमतरा गेट पर स्थित नदी पर पुल बनाने के लिए जरूरी प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। जिले में तैयार हो चुके सभी होम स्टे का लोकार्पण करने व अधूरे पड़े होम स्टे का निर्माण पूरे करने के निर्देश दिए। बैठक के बाद कलेक्टर श्री सिंह व सीईओ अग्रिम कुमार ने माचागोरा के बोट क्लब का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां आने वाले पर्यटकों को मिल रही सुविधाओं के बारे में जाना और सुझाव दिया कि बोट क्लब के पास होम स्टे बनाए जा सकते हैं। बोट क्लब के फुटफॉल को बढ़ाने के लिए इसका प्रचार करने व सुरक्षा मानकों का ध्यान रखने, कॉफ्टेरिया बनाने व पार्किंग व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल होना है, इसके लिए पार्किंग की उचित व्यवस्था हो। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री आसिफ मंडल, डी.पी.सी. जे.के. इरपाची, चौरई एस.डी.एम. प्रभात मिश्रा, जिला पुरातत्व पर्यटन व संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी बलराम राजपूत, पर्यटक प्रबंधक गिरीश लालवानी, नागेंद्र गढेवाल, रीना साहू, पर्यटन विकास निगम के मुकेश साहू सहित अन्य अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित थे।

## सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम

**परासियाा, देशबन्धु।** कोयलांचल पेंच क्षेत्र में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं और कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें निबंध, वाद-विवाद, स्लोगन, रांगोली और नुक्कड़ नाटक शामिल थे। महाप्रबंधक अनूप हंजूरा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक करना था। समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और नुक्कड़ टीम ने भ्रष्टाचार मिटाने संबंधी कव्वाली प्रस्तुत की। इस अवसर पर महाप्रबंधक (संचालन) क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक मुख्य चिकित्सा अधिकारी और अन्य गणमान्य थे।



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। सेवानिवृत्त कोयला कर्मचारी संघ की महत्वपूर्ण बैठक छिन्दवाड़ा में संपन्न हुई जहां विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।**